ORANGE GLOBAL OLYMPIAD

School Level Examination

SLE 2023

# GRADE 6

# हिंदी

**Subject Code:** 6 0 1

Total Questions: 40

Time: 1 hour

**प्रश्न-पत्र को तब तक न खोले जब तक कि ऐसा करने के लिए कहा न जाए।**

- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- **उत्तर-पत्रिका** पत्र पर दिए गए निर्देशों को पढ़े और अपना **नाम**, **कक्षा और अन्य सूचना** भरें।
- **उत्तर-पत्रिका** में सभी उत्तर दिखाने के लिए गोलाकार खानों को केवल **नीले/काले बॉलपेन** से भरें।
- **उत्तर-पत्रिका** में सभी उत्तर प्रश्न संख्या के सामने दिए गए संबंधित गोलाकार खानों में **अंकित** करें।
- इस प्रश्न-पत्र में कुल 40 **बहुविकल्पी प्रश्न** हैं। दी गई सूचनाओं के आधार पर **सबसे सही** उत्तर विकल्पों में से चुनें।
- प्रश्न-पत्र में **नकारात्मक अंक गणना नहीं** होगी।
- परीक्षा-कक्ष छोड़ने से पहले परीक्षार्थी **उत्तर-पत्रिका** निरीक्षक को सौंप दें।
- मोबाइल फोन, कैलकुलेटर आदि का प्रयोग पूर्णतः **निषेध** है। प्रश्न-पत्र में उपलब्ध खाली जगहों पर रफ कार्य किया जा सकता है।

## खंड (क)

**निर्देश : इस खंड में 30 बहुविकल्पी प्रश्न हैं। इनमें से प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प हैं, जिनमें से केवल एक विकल्प सही है। विद्यार्थी को एक सही विकल्प का चयन करना है।**

**1. जब 'र्' किसी अन्य व्यंजन से मिलाकर बोला जाता है, तो उसे किस चिह्न से लिखा जाता है?**

(A) र्  (B) ( ◌्र )

(C) ( ◌र्‍ )  (D) ( ˘ )

**2. कौन-सा वाक्य वर्तमान काल का है?**

(A) सब लोगों ने दवाई पी ली है।

(B) यह फ़िल्म मैंने कल देखी।

(C) सब बच्चे कुछ समय पहले मैदान में खेल रहे थे।

(D) हम कल दिल्ली जाएँगे।

**3. कौन-सा मुहावरा 'सबको समान दृष्टि से देखना' अर्थ को व्यक्त करता है?**

(A) एक आँख से देखना  (B) एक ही लकड़ी से हाँकना

(C) एक ही थैले के चट्टे-बट्टे होना  (D) कंधे से कंधा मिलाकर चलना

**4. भाषिक संप्रेषण से तात्पर्य है–**

(A) अपनी बात को दूसरे तक पहुँचाना।  (B) दूसरे की बात को ग्रहण करना।

(C) विचारों का आदान-प्रदान करना।  (D) इशारों में बातचीत करना।

**5. व्यंजन संधि वहाँ होती है, जहाँ–**

(A) स्वर तथा स्वर का मेल होता है।

(B) स्वर तथा व्यंजन का मेल होता है।

(C) व्यंजन तथा विसर्ग का मेल होता है।

(D) व्यंजन तथा व्यंजन अथवा स्वर का मेल होता है।

**6. 'आदि-आदी' के अर्थ के अंतर को बताने वाला सही युग्म है–**

(A) प्रारंभ-आधी  (B) आरंभ-अभ्यस्त

(C) बहुत से-जिसे आदत पड़ी हो  (D) अभ्यस्त-देने वाला

**7. किस शब्द में अनुस्वार का प्रयोग हुआ है?**

(A) कैंची
(B) भौंरा
(C) चोंच
(D) गांधी

**8. 'अत्यंत' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है–**

(A) अत्य
(B) अती
(C) अति
(D) अत्

**9. कौन-सा वाक्य वर्तमान काल का नहीं है?**

(A) सब लोग चले गए हैं।
(B) मैं कार खरीद चुका हूँ।
(C) कल मैंने आपसे झूठ बोला।
(D) मैं आपके लिए फल ले आया हूँ।

**10. निम्नलिखित में से किसका संबंध मौखिक भाषा से नहीं है?**

(A) टेलीफ़ोन पर बातचीत
(B) कक्षा में अध्यापक द्वारा पाठ पढ़ाना
(C) कंप्यूटर पर मेल भेजना
(D) गीत सुनाना

**11. निम्नलिखित में से कौन-सा भेद विशेषण का नहीं है?**

(A) संख्यावाचक विशेषण
(B) परिमाणवाचक विशेषण
(C) सार्वनामिक विशेषण
(D) जातिवाचक विशेषण

**12. किस वाक्य में अकर्मक क्रिया का प्रयोग हुआ है?**

(A) सब लोगों ने चाय पी ली है।
(B) तुम झूठ बोल रहे हो।
(C) वह कब घर आएगा?
(D) आज रात को हम फ़िल्म देखेंगे।

**13. 'चंद्रबिंदु' ( ँ ) लिखित चिह्न है–**

(A) अनुस्वार का
(B) अनुनासिक का
(C) आगत स्वर का
(D) तीनों में से किसी का नहीं।

**14. 'दुभाषिया' शब्द का सही अर्थ है–**

(A) एक भाषा से दूसरी भाषा में लिखित अनुवाद करने वाला।
(B) एक भाषा से दूसरी भाषा में मौखिक अनुवाद करने वाला।
(C) दो भाषाएँ जानने वाला।
(D) दो भाषाओं को पढ़ाने वाला।

**15. बोलने वाले, सुनने वाले तथा किसी अन्य व्यक्ति के बारे में जो वहाँ उपस्थित नहीं है के लिए जिन सर्वनामों का प्रयोग किया जाता है, उन्हें कहते हैं–**

(A) निश्चयवाचक सर्वनाम
(B) व्यक्तिवाचक सर्वनाम
(C) संबंधवाचक सर्वनाम
(D) निजवाचक सर्वनाम

**16. 'उर्दू' की लिपि है–**

(A) तुर्की
(B) फ़ारसी
(C) अरेबिक
(D) तीनों उत्तर सही।

**17. 'जो दूसरों को रास्ता दिखाता हो' उसे कहते हैं–**

(A) पथप्रदर्शक
(B) पंथी
(C) राहगीर
(D) सहयात्री

**18. बातचीत करते समय या लिखते समय जब हम थोड़ा रुकते हैं, तब वहाँ कौन-सा विराम-चिह्न लगाया जाता है?**

(A) पूर्ण विराम
(B) अर्धविराम
(C) अल्पविराम
(D) योजक चिह्न

**19. 'समूहवाचक संज्ञा' किस संज्ञा का उपभेद है?**

(A) द्रव्यवाचक
(B) व्यक्तिवाचक
(C) जातिवाचक
(D) भाववाचक

**20. किस वाक्य में 'सुंदर' शब्द का प्रयोग क्रियाविशेषण के रूप में हुआ है?**

(A) इतने सुंदर चित्र कहाँ से लाए हो?
(B) वह इतना सुंदर लिखती है कि देखते ही बनता है।
(C) उसे एक सुंदर लड़की की तलाश है।
(D) प्रकृति के सुंदर दृश्य मनमोहक होते हैं।

**21. 'डॉक्टर' शब्द को संक्षेप चिह्न लगाकर संक्षेप में किस तरह लिखा जाएगा?**

(A) 'डॉ'
(B) [डॉ]
(C) डॉ०
(D) डॉ:-

**22. 'हवा तथा आग' का अर्थ बताने वाले श्रुतिसमभिन्नार्थक युग्म है–**

(A) अंस-अंश
(B) अलि-अली
(C) अनिल-अनल
(D) पानी-पाणि

**23. ‘आपका बड़ा बेटा क्या कर रहा है?’ वाक्य में प्रयुक्त ‘आपका’ पद है–**

(A) पुरुषवाची सर्वनाम

(B) सार्वनामिक विशेषण

(C) सार्वनामिक प्रविशेषण

(D) गुणवाचक विशेषण

**24. किस वाक्य में अर्धविराम चिह्न का उचित प्रयोग हुआ है?**

(A) पुलिस; पीटती रही, वह चिल्लाता रहा।

(B) पुलिस पीटती रही; वह चिल्लाता रहा।

(C) पुलिस पीटती रही वह; चिल्लाता रहा।

(D) पुलिस; पिटती रही; वह चिल्लाता रहा।

**25. कौन-सी लिपि दाईं से बाईं ओर लिखी जाती है?**

(A) देवनागरी

(B) कश्मीरी

(C) गुरुमुखी

(D) फ़ारसी

**26. किस वाक्य में द्विकर्मक क्रिया का प्रयोग हुआ है?**

(A) मैंने मोहन की किताब पढ़ी।

(B) माता जी ने बच्चों के लिए मिठाई बनाई।

(C) पिता जी ने पड़ोसी से मकान खरीदा।

(D) बच्चों ने कल पतंगें उड़ाईं।

**27. किस वाक्य में क्रियाविशेषण का प्रयोग नहीं हुआ है?**

(A) आप <u>कल प्रातः</u> मिलिए।

(B) पिता जी <u>रोज़ सुबह</u> घूमने जाते हैं।

(C) आपका बच्चा <u>बहुत कम</u> खाता है इसलिए कमज़ोर है।

(D) आपने <u>इतनी कम</u> मिठाई क्यों खाई।

**निर्देशः निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्न संख्या 28 से 30 के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**

आप सुबह से शाम तक बहुत-से लोगों से बातचीत करते होंगे और मिलते भी होंगे। उनमें से कुछ आपकी उम्र के होते होंगे, तो कुछ आपसे छोटे या बड़े। आपने यह देखा होगा कि वे सब न तो एक-से दिखाई देते हैं और न ही एक-सी बात करते हैं। क्या आप जानते हैं, क्यों? क्योंकि किसी भी व्यक्ति के बात करने का ढंग उसकी अपनी उम्र के अनुसार होता है। जैसे-जैसे व्यक्ति की उम्र बढ़ती हैं; वैसे-वैसे जीवन का अनुभव भी बढ़ता है। उसकी सोचने की शक्ति बढ़ती है, व्यवहार भी बदलता है। इसलिए यदि आप अपनी पहचान बनाना चाहते हैं, तो आपको अपने सोचने की शक्ति और व्यवहार भी बढ़ाना होगा। साथ-ही-साथ आपको अपनी उम्र का ध्यान भी रखना होगा। इसका कारण यह है कि समाज ने उम्र के आधार पर ही सबके काम और ज़िम्मेंदारियाँ बाँटी हैं।

**28. समाज ने किस आधार पर सबको काम और ज़िम्मेंदारियाँ बाँटी हैं?**

(A) रंग-रूप

(B) उम्र

(C) धन

(D) योग्यता

**29. सब लोग एक-जैसी बातें क्यों नहीं करते?**

(A) क्योंकि उनकी शक्ल एक-दूसरे से भिन्न होती है।

(B) क्योंकि उनकी आदतें अलग-अलग होती हैं।

(C) क्योंकि हर व्यक्ति के बात करने का ढंग उसकी उम्र के अनुसार होता है।

(D) तीनों उत्तर ग़लत।

**30. अपनी पहचान बनाने के लिए निम्नलिखित में से क्या करने की आवश्यकता नहीं है?**

(A) अपने सोचने की शक्ति बढ़ानी होगी।

(B) अपना व्यवहार भी बढ़ाना होगा।

(C) अपनी उम्र का भी ध्यान रखना होगा।

(D) खूब धन कमाना होगा।

## खंड ( ख )

**निर्देश : इस खंड में 20 बहुविकल्पी प्रश्न हैं। इनमें से प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प हैं, जिनमें से दो विकल्प सही हैं। विद्यार्थी को दोनों सही विकल्पों का चयन करना है।**

**31. कौन-से दो शब्द विदेशी हैं?**

(A) बैंक

(B) सास

(C) मास

(D) स्कूल

**32. कौन-से दो शब्द आगत या विदेशी हैं?**

(A) चॉकलेट

(B) स्वप्न

(C) झाड़ू

(D) कैंची

**33. निम्नलिखित में से कौन दो लोग भाई हैं?**

(A) श्री गणेश

(B) लक्ष्मण

(C) कार्तिकेय

(D) नकुल

**34. कौन-से दो शब्द 'इंद्र' शब्द के पर्यायवाची नहीं हैं?**

(A) सुरपति

(B) महादेव

(C) महेंद्र

(D) अमर

**35. कौन-से दो शब्द द्रव्यवाचक संज्ञा शब्द हैं?**

(A) लोहा
(B) गुलाब
(C) हिमालय
(D) चना

**36. किन दो वाक्यों में सकर्मक क्रिया का प्रयोग हुआ है?**

(A) चिड़िया आकाश में उड़ रही है।
(B) बच्चा छत से नीचे गिरा था।
(C) मैं मदन को अपना भाई मानता हूँ।
(D) सब लोग खाना खा रहे हैं।

**37. कौन-से दो लोकनृत्य गुजरात के हैं?**

(A) गरबा
(B) रास
(C) झकोलिया
(D) घूमर

**38. किन दो शब्दों की रचना 'सु' उपसर्ग से नहीं हुई हैं?**

(A) सुपुत्र
(B) स्वागत
(C) सुंदर
(D) स्वदेश

**39. कौन-सी दो मिठाइयाँ खोए या मावे से बनाई जाती हैं?**

(A) गुलाब जामुन
(B) रसगुल्ला
(C) रसमलाई
(D) बरफी

**40. किन दो शब्दों में 'स्त्रीलिंग संज्ञा' से 'पुल्लिंग संज्ञा' बनाने वाला प्रत्यय 'आ' नहीं लगा है?**

(A) मौसा
(B) अच्छा
(C) जीजा
(D) काला

GRADE
6

हिंदी